तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 रायपुर-हैदराबाद कॉरिडोर की छिनी ...





10 अनियमित कर्मचारियों ने भरी हुंकार, तूता के ...





## खबर संक्षेप

### ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी, अपराध दर्ज

भिलाई। ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर केम्प 2 वार्ड 31 निवासी गुड्डू सोनकर फल मण्डी में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। बेटा शिवम सोनकर को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अओएलएक्स में बाइक दिखाकर बेचने का झांसा देकर 17 बार में आनलाईन ट्रांजेक्शन से 1 लाख 97 हजार 600 रूपये का धोखाधडी किया है। शिवम को ओएलएक्स में बाइक कीमत 35 हजार बताई गई। बाइक के लिए शिवम ने 10 जुलाई को खरीदने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। दो दिन बाद बाइक को होम डिलवरी करना बताया गया। 12 जुलाई काल आया जो होम डिलवरी करने के नाम पर पैसे का डिमांड मोबाइल धारक द्वारा किया गया। 46 हजार 500 रूपये, मोबाइक धारक को ट्रांसफर किया गया। लेखराज एण्ड इंद्रा नाम के खाते में 29600 रूपये अलग अलग माध्यम से 17 बार में 1 लाख 97 हजार 600 रूपये लिया का धोखाधड़ी किया गया।

### धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** शराब पीने के लिए लोगों को डरा धमका कर रुपए का डिमांड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 296, 119 (1),351 (2), आर्म्स एक्ट बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पोलसाय पारा लक्ष्मीनारायण मंदिर दुर्ग निवासी मनोज बत्रा ने शिकायत किया है कि गंजपारा दुर्ग निवासी आकाश उर्फ चंदु मेश्राम गाली गलौज कर श्राब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहा था। जिसका विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी को खोजबीन कर तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया।

### 500 से अधिक छात्रों का आधार कार्ड अपडेट

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित श्री शंकराचार्य कॉलेज में आधार कार्ड अपडेट करने का शिविर शनिवार को लगाया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को जानकारी मिली थी कि शंकराचार्य कॉलेज में 500 से अधिक छात्र ऐसे हैं। जिनके आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उनको एडमिशन लेने में परेशानी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शिविर लगा। छात्र-छात्राएं एडमिशन लेकर समय पर अपने आगे की पढ़ाई कर सकें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार शंकराचार्य कॉलेज में सुबह 10 से आधार अपडेट करने का काम शुरू हो गया। इसमें छात्रों के अलावा उनके परिजन, स्टाफ के सदस्य, एवं चौहान टाउन , स्मृति नगर एवं आसपास के निवासियों द्वारा आधार अपडेट करवाया गया।






# भगवान शिव का प्रिय मास सावन आज से, बन रहे हैं कई महासंयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भगवान शिव के प्रिय मास सावन की शुरुआत आज से हो गई है। इस वर्ष सावन माह में कई महासंयोग लेकर आ रहा है। इस बार जहां पांच सोमवारों से भगवान शिव का भक्ति में माहौल रहेगा, वहीं इस माह शुक्र, आदित्य, बुधादित्य व नव पंचक गजकेसरी, कुबेर व शश सहित कई योग के निर्माण भी हैं, जिसे लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है।

शिव भक्ति को अर्पित इस माह में शिवालयों में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। कांवड़ यात्रा सहित महाभिषेक के माहौल में हर हर महादेव की गूंज बनी रहेगी। पंडितों के अनुसार सावन माह भगवान शिव की उपासना के लिए अति उत्तम और फलदाई माना गया है। सावन माह की शुरुआत आज 22 जुलाई से हो रही है, जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। इस बार सावन में कई दुर्लभ संयोग बना हुआ है।

## इस बार सावन में होगे 5 सोमवार, 19 अगस्त को होगा समापन

### सोमवार से शुरू हो रहा है सावन

सावन की शुरुआत आज सोमवार से हो रही है जिसके चलते इसका महत्व और भी बढ़ गया है। आज नक्षत्रों के संयोग से प्रीति और आयुष्मान नाम के शुभ योग बनेंगे। इसके अलावा सिद्धि और शुभ नाम के चार अन्य योग भी आज के दिन बनेंगे। वहीं, पांच सोमवारों का योग है इसके अलावा ग्रह नक्षत्र और योगी का कई तरह का शुभ संयोग बनने वाला है।



### शहर में इन स्थानों पर रहेगी रौनक

ज्ञात हो कि शहर में मां पाताल भैरवी मंदिर, शीतला मंदिर, पुराना बस स्टैंड काली माई मंदिर, बाचा चंद्रमौलेश्वर मंदिर सिंघोला, बाचा बालेश्वर मंदिर, बांसपाईपारा शिव मंदिर, शंकरपुर शिव मंदिर सहित कई शिवालय हैं। इन स्थानों पर महाभिषेक, हवन पूजन, भंडारा इत्यादि का दौर बना रहेगा।

### पांचों सोमवारों को होगा कई शुभ संयोग

सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को रहेगा। इस दिन चर और सुस्थिर नाम के दो शुभ योग दिन भर रहेंगे, जिसमें शुक्रदित्य नाम का शुभ योग बनेगा। यह योग बहुत ही अधिक शुभ फल देने वाला माना गया है। तृतीय सावन सोमवार 5 अगस्त को है, इस दिन सौम्य नाम का शुभ योग रहेगा सूर्य और चंद्रमा की युति कर्क राशि में ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अनदेखी

### आम जनजीवन व पर्यावरण पर पड़ता है घातक प्रभाव, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

# बेरला-साजा क्षेत्र में बड़ी लापरवाही, खुले में फेंका जा रहा बायो-मेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला-साजा क्षेत्र में इन दिनों बायो मेडिकल वेस्ट (बीएमडब्ल्यू) नियम का खुला उल्लंघन देखने को मिल रहा है। इस मामले में सम्बन्धित विभाग व प्रशासन की निष्क्रियता के कारण दोनों विकासखण्ड के विभिन्न इलाकों में कचरे के ढेर में जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के कचरे दिखाई पड़ रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

- नियम के उल्लंघन पर 3 से 5 लाख तक जुर्माने का है प्रावधान

उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट के पर्यावरण व आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव को देखते हुए खुले में जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट को फेंकने पर सख्त मनाही व पाबन्दी है। इसके उल्लंघन पर करीब 3 से 5 लाख रुपये तक जुर्माने एवं करीब तीन साल तक सजा का प्रावधान है। जबकि इस विशिष्ट चिकित्सकीय कचरे को उठाने एवं निस्तारण के लिए शासन के मानक-मापदण्डों के आधार पर एक एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिनका नियत एवं निश्चित समय पर चिकित्सकीय संस्थाओं में जाकर बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन करने उठाव करना होता है। इसके बावजूद इन दिनों क्षेत्र में बीएमडब्ल्यू नियम की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।



### ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

आलम यह है कि सड़क किनारे जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट भरमार दिखाई पड़ रहा है। साथ ही ऐसी स्थितियां ग्रामीण इलाकों में भी नज़र आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है, कि बेरला व साजा विकासखण्ड क्षेत्र में जमकर अवैध चिकित्सकीय कार्य होता है जिसमें झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गैरकानूनी रूप से ग्रामीणों का उपचार व इलाज किया जाता है। इस दौरान काफी मात्रा में बायो मेडिकल वेस्ट का कचरा इकट्ठा होता है, जिसे उनके द्वारा जगह देखकर कहीं भी खुले में फेंक दिया जाता है, जो पर्यावरण के काफी हानिकारक साबित होता है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि जगह जगह पड़े जैव अपशिष्टों का उचित प्रबन्धन एवं निस्तारण हो एवं बीएमडब्ल्यू नियम के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# खतरनाक साबित हो रही करमा चौक से तालाब पार वाली सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्थानीय बेरला नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग करमा चौक से बिजली ऑफिस व धमधा की ओर बनाये गए तालाब पार की सड़क में लापरवाही व अनियमिताएं का मामला सामने आ रहा है। स्थानीय पंचायत प्रशासन एवं सम्बन्धित सड़क ठेकेदार द्वारा जानबूझकर तालाब के समीप की सड़क में बिना सुरक्षा मापदण्ड के सड़क तैयार कर दिया गया है।

देखा जाए तो सड़क पर न साइड सोल्डर बनाया गया है, न ही सुरक्षा गर्डर लगाया गया है। यहां तक सड़क किनारे मुरूम की फिलिंग भी नहीं की गई है। वहीं, नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस सड़क निर्माण कार्य को हरी झंडी देकर शुरू भी कर दिया है। लगातार दोपहिया वाहन व अन्य साधनों पर लोगों की आवाजाही हो रही है। बताया जा रहा है कि सैकड़ों लोग रोजाना शाम होते ही शराब लेकर पीने के लिए उक्त सड़क से गुजरते ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी में हुई। वृहद स्तर पर आयोजित भाजपा इस बैठक में मंडल स्तर के पदाधिकारियों से लेकर जिला के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

- भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में वक्ताओं ने किया आह्वान

मुख्य वक्ता के तौर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल एवं पूर्व सांसद एवं जिला प्रभारी लखन लाल साहू शामिल हुए। अन्य वक्ताओं के रूप जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू ,पूर्व संसदीय सचिव लाभ चांद बाफना ,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, किसान नेता योगेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे । बैठक में तीसरी बार नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई जहां दी गई, वहीं लोक सभा चुनाव बेमेतरा जिले से रिकॉर्ड डेढ़ लाख की बढ़त के लिए कैबिनेट मंत्री, विधायक सहित जिला संगठन व कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा गया। इसके अलावा बैठक में सदस्यता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम और आने वाले दिनों मे छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्योहारों हरेली ,तिजा पोरा ,सावन सोमवार त्योहार पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया।वही आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को कार्यकर्ताओं का चुनाव की संघीया देते पदाधिकारियों से जुट जाने कहा गया। उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री टार्जन साहू, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, प्रहलाद रजक, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, मंडल अध्यक्ष छोटू राम साहू, मंडल अध्यक्ष अजय साहू, मंडल अध्यक्ष परस वर्मा, मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, मंडल अध्यक्ष पुन्नी वर्मा, मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर विधानसभा संयोजक नथमल कोठारी सुरेंद्र ठाकुर राजेश दुबे राजेश चौरसिया, राजा साहू परमेश्वर वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, राहुल टिकरिया, पुष्पा साहू उपस्थित थे।



# प्राथमिक शाला मगरघटा में हुआ बाल कैबिनेट का गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखंड नवागढ़ में बाल केबिनेट का गठन बैगलेस डे शनिवार को लोकतान्त्रिक पद्धति से किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रधानमंत्री पद पर कुसुम यादव, स्वास्थ्य मंत्री समीर साहू, सफाई मंत्री तनमय साहू, संस्कृति मंत्री अदिति ध्रुव, अनुशासन मंत्री राधिका निषाद, खाद्य मंत्री डिम्पल साहू, पर्यावरण मंत्री नीतू साहू व खेल मंत्री रोशन साहू को चयन किया गया। बाल केबिनेट को प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव द्वारा पद की शपथ दिलाया गया। साथ ही सभी मंत्रियों को उनके कार्य जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। जिससे बच्चे संसद के कार्यों व उनके निर्वाचन को अच्छी तरह समझ सके। बाल कैबिनेट गठन का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास, दायित्व बोध और सामूहिकता की भावना जागृत करना हैं। इससे बच्चों में कार्यों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास होगा। जिससे हमारी शाला अनुशासित ▶▶| शेष पेज 11 पर

- बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी




## खबर संक्षेप

### वित्तमंत्री निवास कूच करने वाली महिलाओं को पुलिस ने रोका

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को लाभ न मिलने के कारण शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं जिनको योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है या एक-दो किस्त मिली है, ऐसी महिलाओं के साथ हितग्राहियों की सूची लेकर मंत्री ओपी चौधरी के निवास के लिए गांधी मैदान से निकली महिलाओं को पुलिस ने बलपूर्वक गास मेमोरियल मैदान के पास रोका। एआईसीसी के सचिव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में कहा था कि छत्तीसगढ़ की प्रत्येक महिला को महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने 1000 रुपए मिलेगा। सरकार बनते ही लाभार्थियों को जनवरी और फरवरी की किस्त नहीं दी। मार्च से देना प्रारंभ किया गया। चुनावी भाषण में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और इनके प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी नेताओं ने 90 विधानसभा में महतारी वंदन योजना को लेकर कहा था कि पांच साल इसका लाभ दिया जाएगा।

### यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** कैट के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन के नेतृत्व में रायपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार और वाणिज्य अधिकारी अवधेश त्रिवदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी एवं निरस्त होने के विषय पर ज्ञापन सौंपा। अमर पारवानी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से टीम कैट ने रायपुर रेल मंडल प्रबंधक को अवगत कराया कि आजकल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी और ट्रेन निरस्त होने के मामले अधिक हो रहे हैं। व्यापारियों को खरीदारी करने अन्य शहरों में जाना पड़ता है, पर रेलगाड़ियां विलंब से चलने और गाड़ियों के निरस्त होने के कारण आम जनता और व्यापारियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनके समय एवं व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। श्री पारवानी ने बताया कि टीम कैट से चर्चा के दौरान मंडल रेल प्रबंधक एवं वाणिज्य अधिकारी को अवगत कराया कि लोकल यात्री गाड़ियों के निरस्त होने पर यात्रियों को लम्बी दूरी की गाड़ियों में सफर करने की पात्रता दी जानी चाहिए, जिससे यात्री अपने गंतव्य स्थान सही समय पर पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर से अहमदाबाद के लिए पहले भी दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन की मांग की गई थी, जो आज तक पूरी नहीं हुई है। अहमदाबाद के लिए अन्य गाड़ियों में बहुत अधिक वेटिंग की समस्या रहती है, कन्फर्म टिकट नहीं मिलता है। रेलवे की नीति में राजधानी से अहमदाबाद तक दुरंतो चलाने का प्रावधान है।

### सरकार स्पष्ट करे, राजस्थान को उत्खनन की अनुमति दी है या नहीं

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हसदेव अरण्य में खनन की अनुमति देने के बाद अनुमति से इनकार कर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा सरकार की अनुमति से इनकार के झूठ का पर्दाफाश राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खनन अनुमति के लिए विष्णु देव साय को धन्यवाद से हो जाता है, जो उन्होंने सोशल मीडिया में दिया है। भाजपा विपक्ष में हसदेव अरण्य में खनन और जंगलों की कटाई के खिलाफ आंदोलन करती थी। कांग्रेस सरकार ने हसदेव अरण्य में खनन अनुमति को निरस्त किया था। विधानसभा में हसदेव अरण्य खनन रोकने प्रस्ताव भी पास किया था। केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अरण्य क्षेत्र में खदान आबंटन को रद्द करने की मांग की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हसदेव क्षेत्र में हो रहे खनन और जंगल कटाई को लेकर राज्य सरकार अपनी स्थिति को स्पष्ट करे। वह खनन के पक्ष में है कि विरोध में है। पूरा प्रदेश और आदिवासी समाज हसदेव अरण्य को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। भाजपा सरकार के संरक्षण में जंगलों की बेधड़क कटाई हो रही है। कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों को भाजपा की सरकार ने जेल में बंद किया था, उन पर कानूनी कार्रवाई की थी।

# तबादले के बाद पांच दिनों में छोड़नी होगी कुर्सी, सामान्य प्रशासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

तबादले के बाद भी कुर्सी पर जमे रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सरकार ने शिकंजा कसा है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी विभागों के सचिवों को पत्र जारी करते हुए लिखा है कि अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले का आदेश प्राप्त होने के पांच दिन के बाद छठवें दिन कार्यमुक्त माना जाएगा। पांच दिन के भीतर भी पदभार ग्रहण नहीं करने पर अगले दिन से उनकी नियुक्ति नवीन पदस्थापना के स्थान पर मानी जाएगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. द्वारा जारी आदेश में यह भी उल्लेखित है कि तबादले के बाद विभागीय सचिव भी अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त का आदेश जारी करें, ताकि वे नए पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कर सकें। सामान्य प्रशासन को इस संबंध में शिकायत भी मिली थी कि तबादले के बाद कार्यमुक्त करने में विभागीय लेटलतीफी हो रही है। इसका खामियाजा अधिकारी-कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है, वहीं कई प्रकरणों में कार्यमुक्त करने के बाद अधिकारी जमे रहते हैं।

**इस कारण जारी करना पड़ा आदेश :** जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक आवश्यकता और कार्य व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से मंत्रालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों की पदस्थापना एक विभाग से दूसरे विभाग में की जाती है। अक्सर यह देखा गया है कि इन अधिकारी-कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना किए जाने पर लंबे समय तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया जा रहा है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण वर्तमान में लागू इलेक्ट्रानिक गवर्नेंस व्यवस्था के तहत संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की अवधि का उल्लेख, ऑनलाइन अवकाश पोर्टल के संचालन आदि में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

**खास बातें**

- तबादले के बाद भी विभागों में जमे रहने वाले अधिकारियों पर शिकंजा
- कई प्रकरणों में कार्यमुक्त के बाद अधिकारियों के जमे रहने की मिली शिकायत




### संघ ने भी जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ ने इस मामले में सामान्य प्रशासन विभाग को चिट्ठी लिखी थी। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव से मिलकर ज्ञापन सौंपा था कि मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कई कर्मचारी, अधिकारी लंबे समय से उच्चतर पदों पर पदोन्नति के बाद भी जमे हुए हैं। कुछ का स्थानांतरण अन्य विभागों में होने के बाद भी वह विभागीय सचिवों से कार्य आवश्यकता आदि का लेख करवाकर स्थानांतरण रुकवाने में सफल हो जाते हैं। पदोन्नति के बाद भी कई अधिकारी-कर्मचारी जमे हुए हैं, इस आदेश के बाद बदलाव होगा।

## बिजनेस क्लास के टिकट पर इकॉनॉमी की यात्रा, थाई एयरवेज देगा 2 लाख क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

बिजनेस क्लास के टिकट पर इकानामी श्रेणी की फ्लाइट में यात्रा कराने वाले थाई एयरवेज को दो लाख रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति देना होगा। इसके साथ करीब दस साल पहले बुक कराए गए टिकट की राशि ब्याज सहित लौटानी होगी।

जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने यह फैसला सुनाया है। अनुपम नगर में रहने वाले कमल किशोर सारडा ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में बताया था कि वर्ष 2014 में उन्होंने युनीग्लोब पवनसुत ट्रैवल्स के माध्यम से हैदराबाद से बैंकाक और बैंकाक से मुंबई के थाई एयरवेज में बिजनेस क्लास का तीन टिकट बुक कराया था। यात्रा के लिए जब वे विमानतल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि जिस फ्लाइट में उन्हें सफर करना है, उसमें बिजनेस क्लास की सीट नहीं है। इकानामी श्रेणी की तुलना में बिजनेस क्लास में सुविधाएं अधिक होती हैं, इसलिए उसका किराया भी अधिक होता है। सुविधा नहीं दिए जाने के मामले में प्रार्थी ने थाई एयरवेज के प्रतिनिधियों से संपर्क साधकर राशि वापसी की मांग की, मगर उसकी ओर से इस मामले में संतोषपूर्ण जवाब नहीं दिया गया था। इसके बाद प्रार्थी पक्ष ने उपभोक्ता फोरम में याचिका दायर की। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फोरम ने अपना फैसला सुनाया। थाई एयरवेज को निर्देशित किया गया है कि वह प्रार्थी पक्ष को कुल किराया 16650 रुपए 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लौटाए। इसके साथ मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपए का भुगतान करे।




- ब्याज सहित वापस देना होगा किराया, उपभोक्ता फोरम का फैसला

## प्रदेशभर से जुटे विभिन्न सरकारी विभागों के अनियमित कर्मचारी

# अनियमित कर्मचारियों ने भरी हुंकार, तूता के धरनास्थल से निकाली ध्यानाकर्षण रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल से ध्यानाकर्षण रैली निकाली। नियमितीकरण, स्थायीकरण और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारियों ने धरना दिया। धरनास्थल पर घंटों नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान अनियमित कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में अपने हक को लेकर आवाज बुलंद की।

- नियमितीकरण, स्थायीकरण और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली सहित 10 सूत्रीय मांगें
- धरनास्थल पर घंटों प्रदर्शन, नारेबाजी भी

प्रदेश के शासकीय कार्यालय में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने शनिवार को नियमितीकरण, स्थायीकरण, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने, आउटसोर्सिंग की प्रथा बंद करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन के लिए जुटे कर्मचारियों ने यहां से दोपहर बाद ध्यानाकर्षण रैली निकाली, जिसे रेलवे फाटक के पास पुलिस जवानों ने रोक दिया। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने स्पॉट पर ही जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।




छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि ध्यानाकर्षण रैली में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अनियमित कर्मचारी शामिल हुए। कई विभागों के अनियमित कर्मचारियों को 27 फीसदी वेतनवृद्धि, श्रम सम्मान राशि नहीं दी जा रही है। इससे अनियमित कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

### 5 घंटे तक धरना-प्रदर्शन

10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरनास्थल पर जुटे अनियमित कर्मचारियों ने प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी कर एकजुटता दिखाई। धरनास्थल पर दूरदराज से पुरुष व महिला कर्मचारियों की आवाजाही के चलते खासी भीड़ देखने को मिली।

### प्रमुख मांगें

- सभी सरकारी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर, संविदा, समतुल्य मानदेय, जॉब दर पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल नियमित, स्थायीकरण किया जाए।
- जॉब दर पर कार्यरत कर्मचारियों को मासिक न्यूनतम वेतन पर समायोजित करने की मांग और नियत अवधि के भीतर नियमितीकरण किया जाए।
- विगत वर्षों में निकाले गए, छंटनी किए गए अनियमित कर्मचारियों को पुनः बहाल करने की मांग।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक किया जाए।
- आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को विभाग में समायोजन करने और एक नियत समय बाद नियमितीकरण करने की मांग।

## चौबीस घंटे में 37 मिमी. तक बारिश, फिर भी उमस से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पिछले चौबीस घंटे में 37 मिमी. तक बारिश हुई, मगर यह बढ़ती उमस को कम नहीं कर पाई। भारी बारिश का कारण बनने वाले सिस्टम की दिशा बदल रही है, जिसकी वजह से प्रदेश में व्यापक और भारी वर्षा के लिए इंतजार करना होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के कई इलाकों में एक साथ बारिश की स्थिति अभी बनने की संभावना नजर नहीं आ रही है। एक अवदाब जो अभी ओडिशा के चिल्का झील के पास मौजूद है, उसकी दिशा में परिवर्तन होने की संभावना बन रही है। राज्य में कुछ स्थानों पर भारी और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना अभी बनी रहेगी। शुक्र-शनि की दरम्यानी रात राजधानी में काफी देर तक बारिश हुई। इसके बाद सुबह छाए बादल शाम होने के बाद ही एक बार फिर अपना असर दिखा पाए। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में 37 मिमी. बारिश हुई है। अभी यहां जिस तरह उमस भरी बेचैनी गर्मी महसूस हो रही है, उससे राहत मिलने की संभावना नजर नहीं आ रही है। रविवार को भी अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बारिश का जोरदार असर बस्तर इलाके में ही नजर आया है। वहां सर्वाधिक 25 सेमी. वर्षा भैरमगढ़, 17 सेमी. दुर्गुकोंदल, भानुप्रतापपुर तथा कोंटा, सुकमा दोरनापाल में 15 सेमी. तक बारिश हुई है।



- सिस्टम की दिशा बदल रही, भारी वर्षा का करना होगा इंतजार

## शातिर चोर को पकड़ने आरपीएफ सिविल ड्रेस में करेगी काम, स्टेशन में स्पेशल टीम चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बढ़ते मोबाइल चोरी के मामलों के बीच अब आरपीएफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है। रेल मंडल में आरपीएफ के नए कमांडेंट रमन कुमार ने बीते दिनों पदभार ग्रहण के बाद अब शातिर चोरों को पकड़ने के लिए रणनीति बनाई है। स्टेशन व ट्रेन से हर सप्ताह मोबाइल चोरी को लेकर शिकायत यात्रियों से मिल रही है। आमतौर पर चोरी यात्रियों के लापरवाही के कारण होती है, लेकिन कई मामलों में देखा गया है कि चोर शातिर तरीके से यात्रियों का मोबाइल पल झपकते ही गायब कर देते हैं। विशेष अभियान में आरपीएफ सिविल ड्रेस में कार्य करते स्टेशन पर लोगों पर निगरानी रखेगी। यह अभियान किसी भी समय शुरू कर सकता है। आरपीएफ का कहना है कि अब चोरों को उनके ही अंदाज में पकड़ेंगे। हमारा लक्ष्य सामान्य से लेकर बड़े चोरों को पकड़ने का है, जो लगातार स्टेशन और ट्रेन में यात्रियों का फोन चोरी कर रहे हैं। बता दें कि रेल मंडल में हर साल चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

- यात्रियों के सामान और मोबाइल चोरों को पकड़ने जल्द शुरू होगा अभियान



### बेवजह चेन पुलिंग कर बचना अब मुश्किल

आरपीएफ अमला इन दिनों ट्रेनों की बेवजह चेन पुलिंग कम करने में जुटा हुआ है। कमांडेंट का कहना है कि अब बेवजह चेन पुलिंग करने के बाद आरपीएफ से बच पाना बेहद मुश्किल है। लगातार अभियान चलाकर बेवजह चेन पुलिंग के मामलों को कम किया जा रहा है। सप्ताहभर में 40 से अधिक ऐसे लोगों पर कार्रवाई हुई है, जिन्होंने अपने परिजन के इंतजार में चेन पुलिंग की थी। अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से छूटे।

### चोरों को पकड़ने अभियान

बेवजह चेन पुलिंग के साथ चोरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्टेशन में जवानों की तैनाती बढ़ाई जा रही है। अभियान के जरिए शातिर चोरों को पकड़ा जाएगा।

- **रमन कुमार,** कमांडेंट आरपीएफ, रेल मंडल

## गुंडागर्दी से परेशान आमजन, किया प्रदर्शन

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की रामनगर चौकी में छह दिन पूर्व युवक को बंधक बनाकर बेसबॉल से अधमरा होते तक पिटाई कर मंदिरहसौद क्षेत्र में फेंके जाने की घटना से लोगों में आक्रोष है। क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री तथा गुंडागर्दी से परेशान लोगों ने शनिवार को कर्मा चौक पर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गुंडागर्दी रोकने में नाकामी का आरोप लगाता हुए असामाजिक तत्वों को प्रश्रय देने का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक पुलिस की शह पर अपराधिक तत्व क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मादक पदार्थों के साथ शराब बिक्री का काम कर रहे हैं। साथ ही सट्टा का संचालन कर रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिली लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में शनिवार को डब्लूआरएस कालोनी के रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की संदिग्घ परिस्थिति में लाश मिली है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस चोट के निशान को रेल से गिरने पर जो चोट लगती है, उसका निशान होने की बात कह रही है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर मृतक के मोबाइल फोन, पर्स तथा मालवाहक वाहन नहीं मिलने की वजह से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर दलदल सिवनी निवासी रमजान खान की लाश मिली है। मृतक की लाश का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार रमजान मालवाहक वाहन मिनी डोर चलाने का काम करता था। मृतक की आखिरी बार अपने परिजनों से गुरुवार शाम को बात हुई है। उसके बाद से उसका परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया।



- तीन दिन पूर्व परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी

रमजान की आखिरी बार अपने परिजनों से किस लोकेशन पर बात हुई है। पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। पुलिस को आशंका है कि रमजान अपने मिनी डोर को किसी जगह पार्क किया होगा। इसके बाद वह ट्रेन के गेट के पास कहीं बैठकर जा रहा होगा। झपकी आने पर चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई होगी।

### मिनीडोर छोड़ कहां गया होगा

रमजान मिनी डोर छोड़ आखिर कहां गया होगा, परिजनों से बात करने पर मृतक ने अपने परिजनों को ट्रेन से कहीं जाने की जानकारी नहीं दी थी। ट्रेन से गिरने के बाद रमजान का मोबाइल तथा पर्स गायब होना कई संदेहों को जन्म देता है। मृतक का मोबाइल मिलने के बाद मौत की वजहों के कारणों का खुलासा हो सकता है, रमजान ने अपने परिजनों के अलावा और किन लोगों से बात की थी। मृतक का कॉल डिटेल निकालने के बाद इसकी जानकारी मिल पाएगी।

## पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का सुधार करेंगे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के भू-स्वामियों को पटवारी रिकार्ड में त्रुटियों में सुधार के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व विभाग ने भू-स्वामियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अब पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को अधिकृत किया है। पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड की त्रुटियों को निराकृत करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के अभ्यावेदन पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी और इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को भूमि स्वामी, उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करने अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व रिकार्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना, भूमि के एक फसली तथा बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करने के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।

- आम जनता को मिलेगी बड़ी राहत



### इनमें कर सकते हैं सुधार

- भूमि स्वामी के पिता/पति के नाम/ उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार
- त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार
- त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना
- भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना
- भूमि के एक फसली, बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करना

## नये जिला खाद्य अधिकारी ने चार्ज लेने के एक महीने बाद ही खुलवाई फाइल

# चावल-शक्कर बिक्री में गड़बड़ी, तीन साल से जांच नहीं, दुकान संचालक बना रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राशन दुकान 441001007 सिद्धि पीठ खल्लारी महिला स्वसहायता समूह में तीन साल पहले चावल व शक्कर वितरण में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत मिली थी, जिस पर खाद्य विभाग ने जांच टीम बनाई थी, लेकिन टीम जब जांच करने दुकान पहुंची, तो उसके संचालक ने अधिकारियों के साथ गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस घटना के बाद अधिकारियों ने दुकान संचालक के खिलाफ विभाग के संचालक से भी शिकायत की थी, लेकिन इस शिकायत के बाद न ही दुकानदार के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया और न ही खाद्यान्न गड़बड़ी की जांच की गई। इधर माहभर पूर्व जिला खाद्य नियंत्रक का पदभार संभालने के बाद भूपेंद्र मिश्रा के संज्ञान में जब यह मामला आया, तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अपर कलेक्टर को दी।

इसके बाद अपर कलेक्टर ने विभाग के संचालक को पत्र लिखकर इससे संबंधित फाइल प्रशासन को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। फाइल आने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

**शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कराने के दिए गए थे निर्देश:** जांच टीम के अधिकारियों के साथ दुकान संचालक द्वारा गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया गया था। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस मामले की शिकायत पर विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए थे कि दुकान संचालक पर शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाए, लेकिन जिला विभाग के कुछ अधिकारियों ने दुकान संचालक को बचाने के लिए न ही एफआईआर कराई और न ही जांच होने दी। इसके बाद से इस मामले की फाइल डंप पड़ी हुई है।

### जनवरी 2022 का मामला

राशन दुकान संचालक मधुसूदन मिश्रा के खिलाफ जनवरी 2022 में जिला खाद्य विभाग के पास शिकायत आई थी। इस शिकायत में एपीएल चावल की कालाबाजारी, केरोसिन वितरण नहीं करने, प्रधानमंत्री कल्याण कोष का चावल कम वितरण करने, शक्कर 20 प्रति किलो में कार्डधारियों को देने आदि शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर फरवरी 2022 में जांच टीम गठित की गई थी। इस टीम में पहले संयुक्त संचालक दयामणि मिंज, सहायक संचालक सीमा अग्रवाल, सचिन मरकाम व प्रतिभा राठिया को शामिल किया गया था। इनमें दयामणि मिंज, प्रतिभा राठिया का स्थानांतरण होने के कारण उनकी जगह अपर संचालक जीएस पैकरा, व खाद्य निरीक्षक आस्था गौतम को शामिल किया गया था।

## राष्ट्रपति से बैगा जनजाति का रक्षा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैगा जनजाति के लोगों की प्रदेश में मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों से अकाल मृत्यु पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। बैगा जनजाति को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र माना जाता है। उन्होंने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर संरक्षित बैगा जनजाति की जीवन की रक्षा के लिए इस विषय में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। श्री बघेल ने पत्र में लिखा, बड़े आहत मन से मैं आपका ध्यान छत्तीसगढ़ की संरक्षित अनुसूचित जन जाति, बैगा जनजाति जिन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है, जिनको भारत के राष्ट्रपति द्वारा विशेष संरक्षण प्रदान किया गया है, छत्तीसगढ़ में इस बैगा जनजाति की दुर्दशा पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। चिंता का विषय है कि राज्य के कवर्धा जिले में बैगा जनजाति मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों की चपेट में है, जिसके कारण ग्राम सोनवाही में 5 लोगों की मौतें भी हो गयी हैं। ग्राम-बाहना खोदरा एवं समीप के गांवों में भी कुछ लोगों की मौत की खबरे सामने आई हैं।

## खबर संक्षेप



### निगम का बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रकोष्ठ एक्टिव

**दुर्ग।** मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में प्रबंधन हेतु महापौर धीरज बाकलीवाल एवं कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ को सक्रिय होने का निर्देश दिया है क्योकि नगर निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना बनी रहती है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष नगर निगम दुर्ग के मुख्य कार्यालय में 24 घंटे संचालित हो रहा है।

### सांई मंदिर में गूंजेगा भजन

**दुर्ग।** सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में आज 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7 बजे मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में श्री साई बाबा का जलाभिषेक, हवन-पूजन, महाआरती व प्रसादी का वितरण किया जाएगा। पर्व पर भजन मंडलियों द्वारा संगीतमय भजनों व गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### मेहर समाज ने भवन के लिए सांसद से की मांग

**सेलूद।** मेहर समाज का प्रतिनिधिमंडल दुर्ग सांसद विजय बघेल से उनके निवास में मुलाकात किया जिसमें सामाजिक चर्चा की गई। इसके अंतर्गत ग्राम बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम परफोड़ा में सामाजिक भवन बनाने के लिए 25 लाख रुपए की मांग की गई। साथ ही सामाजिक लोगों के द्वारा पूर्व में कृषि योग्य जमीन आवंटित किया गया था उसकी सरकार द्वारा पट्टा देने की भी मांग की गई। वहीं समाज के लोगों को जाति, निवासी प्रमाण पत्र बनाने में तकलीफ हो रही है इसकी भी सरलीकरण की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में समाज की पूर्व महासचिव हर प्रसाद आडिल, दुर्गाराम शिवारे, मोतीराम डाडे, भारत मिर्जा, संतूराम लहरी, रामब्रिज लहरी, डॉ. बलराम मिर्जा, सुकालू राम लहरे, मोहनलाल लहरे, बलदाऊ शिवारे, प्रीतम लहरे, घनश्याम शिवारे, हेमंत आडिल आदि उपस्थित थे।

### प्रवर्तन विभाग ने से. 6 में 9 क्वार्टर किया खाली

**भिलाई।** बीएसपी नगर सेवाए, प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप में चल रही बेजा कब्जा बेदखली मुहिम के तहत शुक्रवार को भी जारी रही। आज सेक्टर 6 सड़क 39 ब्लॉक 1 अनफिट घोषित ब्लॉक के 9 आवास से अवैध कब्जाधारियों को बेदखलकर आवासों को पार्शियल डेमोलिशन के लिए सिविल अनुभाग के सुपुर्द किया गया। पिछले कुछ दिनों पूर्व खाली कराये सड़क 32 के आवासों में कुछ आसामाजिक तत्वों दलालों द्वारा फिर से खिड़की दरवाजा लगा कर कब्जा कर लिया गया था। प्रवर्तन टीम द्वारा ऐसे 5 आवासों को भी कब्जा मुक्त करा कर खिड़की दरवाजे को पुनः निकलवाए गए तथा बिजली की सप्लाई को बंद करवाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से सभी असुरक्षित घोषित पानी टंकियों के पास स्थित अवैध कब्जेधारियों तथा अनफिट ब्लॉक्स के अवैध कब्जेधारियों को कई बार हटाने हेतु नोटिस तथा समझाइश दी गई थी।

### छलका मोंगरा बैराज, छोड़े 36 हजार क्यूसेक पानी

**दुर्ग।** पिछले दो दिनों की बारिश से मोंगरा बैराज लबालब हो गया है। जिसके चलते शनिवार को 36 हजार क्यूसेक पानी छोडा गया है। बैराज से छोडा गया पानी रविवार को महमरा एनीकट पहुंच जाएगा। बहरहाल नदी किनारे के गांव में मुनादी करा दी गई है। इससे पहले दुर्ग में पेयजल के लिए बैराज से पानी मांगा गया था। लेकिन वर्तमान में बारिश के बाद बैराज के झलकते ही पानी छोडा गया है। जिससे महमरा एनीकट में जलस्तर बढ जाएगा। बीती रात हुई झमाझम बारिश के बाद राजनांदगांव जिला स्थित मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं नदी में स्थानीय नालों से भी पानी का आवक शुरू होने पर इस सीजन में पहली बार शिवनाथ नदी पर स्थित महमरा एनीकट भी छलकने लगा है।

# आबंटन की खुलेगी पोल, शिकायत के साथ मंगाई जाएगी आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा नजूल जमीन के आबंटन को लेकर लिए गए फैसले से हडकंप मच गई है। कैबीनेट ने अतिक्रमित और रिक्त जमीन के आबंटन को लेकर पूरी जानकारी वेबसाइड में अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए है। यही नही शासन द्वारा जिस किसी को भी जमीन आबंटन की गई है। उसकी पूरी जानकारी साइड में अपलोड करने कहा है। साथ ही आबंटन को लेकर अगर कोई शिकायत और आपत्तियां आती है तो इसका निराकरण संभागायुक्त द्वारा किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि, तत्कालीन सरकार द्वारा मनमाने तरीके से रिक्त जमीनों को सामाजिक संस्थानों को बांटा था। इसके लिए संस्थानों को साधने थोक में छूट भी दी गई थी। उल्लेखनीय हैं कि, तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा नजूल जमीन के एवज में सरकारी गाइडलाइन पर निर्धारित राशि जमा करने के बाद मालिकाना हक दिए जाने की योजना लाई गई थी। इस योजना को लेकर लगातार शिकायते भी मिली थी। आबंटन को लेकर पारदर्शिता नही बरते जाने की भी शिकायत मिली थी। यही नही लोगों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद पूर्व में नजूल के रिक्त जमीन की जानकारी साइड में देरी से डाली गई थी। जानकारी अनुसार दुर्ग शहर में अतिक्रमित जमीन को लेकर पन्द्रह से बीस लोगों को जमीन आबंटन की गई थी। वहीं रिक्त जमीन के मामले में करीब दर्जनभर को एलाटमेंट किया गया था। आबंटन किए जाने के लिए बोली लगाने का नियम था। सूत्रों की माने कई जमीनों के आबंटन में बोली तक नही लगी थी। खैर प्रशासन द्वारा साइड में जानकारी दिए जाने के बाद अफसरों द्वारा किए गए मनमानी का खुलासा हो सकता है।

## नजूल जमीन आबंटन के बाद प्रशासन ने नहीं किया है नाम सार्वजनिक

### फैसला पड़ताल का तरीका

मंत्रिपरिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, आबंटन को लेकर पूर्व में जारी प्रपत्रों के अंतर्गत आदेशों के तहत आबंटित भूमि की जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाईट में प्रदर्शित की जाएगी और इस विषय में कोई भी आपत्ति और शिकायत प्राप्त होने पर संभागीय आयुक्त द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी। हांलाकि यह स्पष्ट नही किया गया है कि, आबंटन वाली योजना शुरू रहेगी या नही। लेकिन यह जरूरी स्पष्ट है कि, सरकार आबंटन की जानकारी को सार्वजनिक करने के बहाने गडबडी की पडताल भी करेगी।



### अतिक्रमित जमीन पर ज्यादा शिकायत

दुर्ग शहर में अतिक्रमित जमीन के आबंटन को लेकर पूर्व में ज्यादा शिकायते मिली थी। रियाहसी इलाको में जमीन होने के चलते रसूखदारों की गिध्द नजर ऐसे जमीन पर पडी थी। आबंटन लेने के चक्कर में लंबे समय से अतिक्रमण होने की कहानी भी गढी गई थी। हांलाकि जांच में अब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इस योजना को लेकर सवालिया निशान इसलिए भी खडे हो रहा है कि, जिला प्रशासन द्वारा वेबसाइड में सिर्फ रिक्त जमीन की जानकारी दी गई थी। जबकि आबंटन की जानकारी साइड में नही दी गई है। वही अब भाजपा की सरकार ने इसे पारदर्शी तरीके से साइड में जानकारी देने की बात कही है। जिससे अफसरों के पसीने छूटने लगे है।

## मायूसी : जिले के चार गांव से प्रशासन हटाएगा रजिस्ट्री पर लगा बैन

# रायपुर-हैदराबाद कॉरिडोर की छिनी सौगात, प्रभावित गांव से हटेगा बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा एक निर्देश जारी कर रायपुर से हैदराबाद तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर की सौगात छिन ली है। केन्द्र के इस फैसले के बाद जहां प्रोजेक्ट सरकारी प्रक्रिया बंद कर दी गई है, वही रजिस्ट्री में लगे प्रतिबंध को हटाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय हैं कि, केन्द्र द्वारा रायपुर के अभनपुर से राजनांदगांव के टेडेसरा तक सिक्सलेन बनाई जा रही है। हांलाकि यह कार्य शुरू हो गया है। लेकिन रायपुर से हैदराबाद कारीडोर रध्द कर दिया गया है। नेशनल प्राधिकरण द्वारा रायपुर से हैदराबाद तक बनने वाले कारीडोर को लेकर सर्वे भी कर लिया गया था। इस प्रोजेक्ट के दायरे में जहां दुर्ग के करीब सवा दौ सौ से अधिक किसान प्रभावित रहे थे, वहीं मुआवजा बंटने से पहले ही इस प्रोजेक्ट को रध्द किए जाने से किसान भी निराश हो गए है। मिली जानकारी अनुसार इस प्रोजेक्ट के दायरे में दुर्ग जिले का ग्राम अंजोरा, बिरेझर, झोला और तिरगा गांव आ रहा था। जिसमे सवा दौ से अधिक किसानों की जमीने अधिग्रहित किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। हांलाकि पूर्व में प्राधिकरण द्वारा बिरेझर और अंजोरा को विगत छः जुलाई 2023 को प्रोजेक्ट से हटा दिया था। खैर इस प्रोजेक्ट के रध्द होने के बाद किसानों को निराशा हाथ लगी है।

## प्राधिकरण ने प्रोजेक्ट को लेकर दुर्ग जिला में कराया था सर्वे कार्य



### लंबी दूरी ही तय करनी होगी

इस एक्सप्रेस-वे को बनाए जाने के बाद राजधानी रायपुर से हैदराबाद की दूरी भी कम होने की बातें कही गई थी। फिलहाल रायपुर से हैदराबाद जाने के लिए 780 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। नया एक्सप्रेस -वे बनने के बाद सीधे-सीधे ढाई सौ किलोमीटर की दूरी कम होने का दावा किया गया था। यानी हैदराबाद की दूरी 530 किलोमीटर हो जाती। वहीं सफर में करीबन चार घंटे का समय भी बचता। हालांकि अब इस प्रोजेक्ट को टाल दिया गया है।

### बैन हटेगा, शुरू होगी रजिस्ट्री

इस प्रोजेक्ट के दायरे में आने वाले दुर्ग जिले के ग्राम अंजोरा, बिरेझर, झोला और तिरगा में प्रोजेक्ट के चलते जमीन की खरीदी बिक्री पर बैन लगा दिया गया था। लेकिन हाल ही में केन्द्र के फैसले के बाद अब इन गांव से बैन हटा दिया जाएगा। ऐसें में जल्द ही यहां के किसान जमीन की खरीदी बिक्री फिर से कर सकेगें।

### इन जिलों से बनना था एक्सप्रेस-वे

मिली जानकारी के अनुसार एक्सप्रेस-वे के प्रस्ताव के मुताबिक यह रायपुर से दुर्ग, राजनांदगांव, गढ़चिरौली, गोंदपीपरी, आदिलाबाद, मैनरेरियल, रामागुंडम और करीमनगर होते हुए हैदराबाद पहुंचेगा। इसमें छत्तीसगढ़ के अंदर 104 किलोमीटर और महाराष्ट्र में 77 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे बनना है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को मिलाकर टोटल 181 किलोमीटर की सड़क बनेगी। बाकी 338 किलोमीटर की सड़क आंध्रप्रदेश में बननी थी।

### साढ़े चार हजार करोड़ का था प्रोजेक्ट

इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए सामान्य भूमि की दोनों तरफ मिलाकर 70 मीटर और जंगल के भीतर 45 मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाना था। जहां-जहां से एक्सप्रेस-वे गुजरेगा, उसके साथ लगी 506 हेक्टेयर जमीन महाराष्ट्र और 717 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण छत्तीसगढ़ में किया जाना था। इसकी लागत 45000 करोड़ थी और परियोजना का 5500 करोड़ छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के अंदर खर्च होना था।

**रद्द किया गया**

"रायपुर से हैदराबाद प्रोजेक्ट में दुर्ग जिले के चार गांव आ रहे थे। इसमें दो गांव पहले ही हटा दिए गए थे। बहरहाल प्रोजेक्ट बंद कर दिया गया है। बैन जल्द खुलेगी। **-मुकेश रावटे,** एसडीएम, दुर्ग

# भूपेश ने कहा : महतारी वंदन का पोर्टल किया बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी चौबीस जुलाई को विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

- चौबीस जुलाई को विस घेराव करने बनी रणनीति

भूपेश बघेल ने कहा है कि, महतारी वंदन का पोर्टल राज्य शासन ने बंद कर दिया है। जिसके चलते ऐसी महिलाएं जो शादी होकर आई है, वे योजना का लाभ नही ले पा रही है। इसके आलावा उन्होने भाजपा सरकार को राशन कम देने और लगातार अपराध बढने के चलते घेराव किया।

शनिवार को दुर्ग के राजीव भवन में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान कराया गया। इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि, भाजपा सरकार के शासन में बढ़ते अपराध, अपहरण, लूटपाट, हत्या, और हाल ही में बलौदाबाजार में घटित आगजनी के खिलाफ किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, रायपुर से लेकर बस्तर तक चोरी, डकैती और बालात्कार जैसे अपराध आम हो गए है। उन्होने कहा कि, प्रदेश में सरकार कौन चला रहा है यह समझ से परे है। उन्होने कहा कि सीएम साय रिमोट कंट्रोल की तरह काम कर रहे है, वही दो-दो सीएम होने के बाद भी प्रदेश में ऐसी स्थिति है। उन्होने कहा कि, पांच साल संघर्ष करने के बाद आगामी 2028 में फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, और पूर्व मंत्री एवं विधायक अरुण वोरा, सभापति राजेश यादव, प्रदीप चौबे, बद्रुरुदीन कुरेशी, शंकर ताम्रकार, प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, निर्मल कोसरे, मुकेश चंद्राकर, रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, अल्ताफ़ अहमद, शिजू अंथोनी तीनों जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद, जिपं. अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला सेवादल विंग के अध्यक्ष एवं अन्य सभी प्रमुख सदस्य शामिल हुए।

### दुर्ग-भिलाई को बताया राजनीति का केन्द्र बिन्दु

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक अरूण वोरा की ओर इशारा करते हुए कहा कि, प्रदेश की राजनीति में दुर्ग व भिलाई केन्द्र बिन्दु रहा है। इधर पूर्व मंत्री अरुण वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर से हजारों की संख्या में लोग विधानसभा घेराव में शामिल होंगे और यह प्रदर्शन भाजपा सरकार के खिलाफ जनभावनाओं की ताकत को प्रदर्शित करेगा। बैठक के दौरान राजीव भवन में कार्यकर्ताओं की बैठने तक की व्यवस्था नही की गई थी। जिससे कई लोग नेताओं के भाषण खडे खडे सुनने मजबूर दिखे।

# सर-मैडम नहीं दीदी और भैया शब्दों का हो इस्तेमाल: हिंदू सेवा संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हिन्दू शक्ति सेवा संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन

- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सौंपकर भारत मे महिला उत्पीड़न में कमी लाने सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में प्रयुक्त होने वाले शब्द सर मेडम की जगह दीदी और भैया शब्दों के इस्तेमाल करने की मांग की है।

संगठन प्रमुख तामेश तिवारी ने बताया कि भारत सरकार यदि दीदी भैया बोलने के शब्दों को अनिवार्य करे तो महिला उत्पीड़न में भारी कमी आएगी क्योंकि भारत एक धर्म प्रधान देश है। महिला प्रधान देश है यहाँ रिश्तों और भावनाओं को विशेष महत्व दिया जाता है। जब हम किसी को दीदी या भैया शब्दो से संबोधित



करते है तो उसके प्रति हमारी भावना बदल जाती है फिर उसके प्रति हमारे मन में गंदे विचार नहीं आते। जिस जिस कार्यक्षेत्र में महिला पुरुष साथ में काम करते है उन सभी क्षेत्रों में दीदी भैया बोला जाए तो काम भी अच्छे से होगा और किसी पर काम का कोई दबाव भी नहीं होगा। कोई काम को लेकर टेंशन या डिप्रेशन में नही जाएगा। तिवारी ने बताया कि सरकार के साथ साथ निजी बढ़ी कंपनियां रिलाइंस, टाटा, अडानी समूह की कंपनियों को भी पत्र व मेल के माध्यम से अपनी अपनी संस्थानों में सर मेडम की जगह दीदी भैया बोलने का अनुरोध किया गया है । इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष तोषानंद शुक्ला, डाली साहू, केसरी देवांगन, मनोज चौरसिया, दीपक, सेल शुक्ला आदि शामिल थे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी, दुकानों से हटाए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण विभाग टीम ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चंडी मंदिर चौक से लेकर मान होटल तक

- पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों को दी चेतावनी

अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा।

इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कार्रवाही के मौके पर दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। सड़क किनारे रखें ठेले को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें। अगर कोई



दुकानदार अतिक्रमण करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हाथठेले व सड़क घेरकर पसरा लगाकर सब्जी बेचने वालों को चेतावनी दी कि अगर वह सड़क पर दिखाई देंगे तो कार्रवाई की जाएगी। जेसीबी से चंडी मंदिर रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर राजस्व विभाग संजय मिश्रा, लक्ष्य, शिवा परिहार, राजदीप कसार, विनीत वर्मा, नीरज, कपिल, मन्नी, धनेश, उमेश पात्रे व अतिक्रमण तोड़ूदस्ता टीम के कर्मचारीगण मौजूद रहे। सुगम यातायात एवं व्यवस्थित पार्किंग के तहत नगर निगम का यह अभियान चल रहा है। कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि बाजार क्षेत्र व्यवसायिक क्षेत्र होने से वहां पर भारी संख्या वाहनों की आवाजाही होती रहती है। हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े-छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होती रहती है। इस कारण ट्रैफिक का दबाव रहता है। वहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी।

## बिजनेस साइड

### शांति विजय क्लाथ स्टोर का भव्य शुभारंभ




**भिलाई।** दुर्ग थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव दुर्ग में 'शांति विजय' क्लॉथ स्टोर-मैचिंग का भव्य शुभारंभ हुआ। पांच मंजिला 'शांति विजय' क्लॉथ स्टोर- मैचिंग स्टोर में देश के लीडिंग टेक्सटाइल ब्रांड्स बॉडीबेस्ट, एसएफटी, स्त्री, कंफर्ट लेडी, कृष्णा टेक्सटाइल, जीबी टेक्सटाइल, विजय लक्ष्मी की लक्मी ग्रुप की यूनिट पद्म श्री, देसी लेडी, 77, धनजी मूलजी, जय श्री, बीटेक्स फैशन, बीटी, तिवारी एजेंसी, बीआई टेक्सटाइल, जेपी, एमएएम, आरसी पटेल, और हैलो पार्टनर के विशाल कलेक्शन है। पांच मंजिला इस शानदार शो रुम के ग्रांउड फ्लोर में रेडीमेड हैवी ब्लाउज, प्रथम तल में कुर्ती, सलवार, सूटपीस, नाईट गाउन, नाईटी, द्वितीय तल में लेगिंस, कुर्ती पैंट, पटियाला, प्लाजो, लेडिज अंडर गारमेंट्स, तृतीय तल पर ड्रेस मटेरियल, रियॉन प्रिंट, कॉटन प्रिंट, रुबिया, बिजी-लीजी, दुप्पटा एवं स्टोल, चतुर्थ तल पर साड़ी फॉल, कॉटन अस्तर, पेटिकोट, ब्लाउज पीस, पॉपलीन और पंचम तल पर बीटी अस्तर, लम्प, थान एवं पीस का लेटेस्ट और वृहद कलेक्शन रखा गया है। 'शांति विजय' शो रुम में शुभारंभ उत्सव के दौरान 1 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट पर आने वाले त्यौहारों के लिए खरीदारी की जा सकती है। शो रूम में रक्षाबंधन और तीजा में नगद खरीदी पर 25 हजार की नगद खरीदी पर 3 प्रतिशत की विशेष छूट, 50 हजार की खरीदी पर 4.76 प्रतिशत की विशेष छूट, 75 हजार की नगद खरीदी पर 5 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है। सभी प्रकार के कपड़ों की खरीदारी के लिए क्यू 11,12,13,14 थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव, दुर्ग के शो रूम में विजिट किया जा सकता है।

## पेज 9 के शेष

### भगवान शिव का प्रिय ...

बनेगा। चंद्रमा शिवजी के मस्तक पर विराजित हैं इसलिए यह दिन शिव पूजा के लिए अति उत्तम रहेगा। चतुर्थ सावन सोमवार 12 अगस्त को है इस दिन अष्टमी तिथि रहेगी। 12 अगस्त सोमवार को शुक्ला और ब्रह्म नाम के शुभ योग दिन भर रहेंगे वहीं नक्षत्र के सहयोग से छत्र और मित्र नाम के दो अन्य योग भी इस दिन रहेंगे। पंचम सावन सोमवार 19 अगस्त को है इस दिन रक्षाबंधन का पर्व ही मनाया जाएगा । इसी दिन सावन मास का समापन होगा 19 अगस्त को शोभन सिद्धि और शुभ नाम के तीन योग बनेंगे सावन मास को पूर्णिमा होने के चलते यह दिन और भी शुभ रहेगा।

**महाभिषेक हवन पूजन का रहेगा दौर :**

उल्लेखनीय हो कि अंचल सहित शहर में पूरे सावन माह भगवान शिव भक्ति का माहौल बना रहता है। विशेषकर भक्तों द्वारा शिवनाथ नदी से जल लाकर शिवजी को अर्पित करने अलसुबह से बाजे गाजे और भजनों के बीच कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। वहीं, महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को बाजे-गाजे और भक्ति भाव के साथ निकाली जाती है। इन आयोजनों के लिए आयोजकों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। आयोजन की रूपरेखा अंतिम चरणों पर है। इधर बाजार में सावन माह में पूजा सामतियों की दुकानें सजेंगी, जहां से पूजा सामग्रियों की मांग पूरे माहभर लोगों के बीच बनी रहेगी। 22 जुलाई से शुरू होने वाले सावन माह को लेकर बाजार में व्यवसायियों में भी उत्साह का माहौल है एवं पूजा समितियां भी दुकान सजाने की तैयारियां भी शुरू कर चुके हैं।

### खतरनाक साबित ...

हैं। वहीं, कई लोग शार्टकट के चक्कर में भी रोजाना आवागमन कर रहे हैं, जो कभी न कभी किसी रोज मुसाफिरों व राहगीरों के जानलेवा साबित हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार ठेकेदार पर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक नहीं किया गया है। नगर पंचायत के कर्मचारियों का कहना है कि यह मार्ग करीब 20 लाख की लागत से बनाया गया है, जहां पर सुरक्षा को लेकर लापरवाही को देखते हुए एवं अधूरे कार्य मानकर ठेकेदार का बकाया पैसा रोक दिया गया है। वहीं, नगरवासियों का कहना है कि ऐसे मार्ग पर कभी भी हादसा होने की आशंका है, क्योंकि रात्रि के समय सड़क पर लाइट भी नहीं है। इसके कारण कभी भी बाइक सवार राहगीर अनियंत्रित होकर गिर सकते हैं, जिस पर पंचायत प्रशासन को गम्भीरतापूर्वक ध्यान देने की जरूरत है।

### प्राथमिक शाला मगरघटा ..

सुंदर, सक्रिय एवं व्यवस्थित रहेगी। बच्चों को लोकतान्त्रिक निर्वाचन पद्धति की जानकारी प्रदान किया गया। बच्चे स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन को जाना। बाल केबिनेट गठन में प्रधान पाठक ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम बैस, शिक्षिका शीतल बैस तथा समस्त स्टॉफ की सहभागिता रही।

### जिले में बढ़ते स्टॉक एक्सचेंज फ्रॉड से बचने आईजी की एडवाइजरी

**भिलाई।** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। साइबर ठग फर्जी कॉल और सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से लोगों को अधिक लाभ का लालच देकर ठगी कर रहे हैं। इन घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि साइबर ठग सोशल मीडिया अकाउंट या फर्जी मोबाइल नंबर से कॉल या व्हाट्सएप टेलीग्राम मैसेज भेजकर लोगों को शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित करते हैं।



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर के प्रधानमंत्री बने डिकेश

**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में सत्र 2024-25 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। प्रधानमंत्री डिकेश कुमार, उपप्रधानमंत्री ईशा, शिक्षामंत्री थानेश्वर ,उप शिक्षा मंत्री तामेश्वरी, खेल मंत्री कोणाल, उप खेल मंत्री रागनी, स्वास्थ्य मंत्री वरुण ,उप स्वास्थ्य मंत्री महिमा,सफाई मंत्री उमाशंकर, उप सफाई मंत्री योगिता, सांस्कृतिक मंत्री रोहन,उप सांस्कृतिक मंत्री 0वर्षा,उद्यान मंत्री देवेंद्र,उप उद्यान मंत्री तोषिता को बनाया गया।सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यो के प्रति जवाबदेही के लिए शपथ दिलाया गया।इस अवसर पर प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू, अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल अंडा में लगाए गए पौधे




**अंडा।** हायर सेकेंडरी स्कूल अंडा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को पौधा रोपण किया गया। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में नीबू, नीम, आम, गुलमोहर, अशोक ,डगर, गेंदा पपीता के साथ ही अन्य फूल एवं फलवाले पौधे लगाए गए। इसके साथ ही कुछ सब्जियों के पौधे भी लगाए गए। ईको क्लब प्रभारी पुष्पा मैडम रेणुका चंद्राकर मैडम एवं इकोक्लब के बच्चों का विशेष मार्गदर्शन रहा। स्टाफ के सभी शिक्षक और शाला के सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान की।

### ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर केम्प 2 वार्ड 31 निवासी गुड्डू सोनकर फल मण्डी में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। बेटा शिवम सोनकर को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अओएलएक्स में बाइक दिखाकर बेचने का झांसा देकर 17 बार में आनलाईन ट्रांजेक्शन से 1 लाख 97 हजार 600 रूपये का धोखाधडी किया है। शिवम को ओएलएक्स में बाइक कीमत 35 हजार बताई गई। बाइक के लिए शिवम ने 10 जुलाई को खरीदने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। दो दिन बाद बाइक को होम डिलवरी करना बताया गया। 12 जुलाई काल आया जो होम डिलवरी करने के नाम पर पैसे का डिमांड मोबाइल धारक द्वारा किया गया। 46 हजार 500 रूपये, मोबाइक धारक को ट्रांसफर किया गया।

आयोजन : शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में बैगलेस डे पर हुए विविध आयोजन

# बच्चों ने निकाली रथयात्रा, लगाए पौधे, लिया न्योता भोज का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकास खंड बेरला में जुलाई महीने के तीसरे शनिवार को बैगलेस डे के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को रथ यात्रा और विश्व जनसंख्या दिवस के रुप में मनाए गए। साथ ही बच्चों की बौद्धिक विकास, अभिव्यक्ति कौशल विकास, शारीरिक विकास हेतु तैयार की गई विषय वस्तु में स्वाभाविकता स्पष्टता विचार, क्रम बद्धता, सशक्ता एवं सहजता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। कक्षा में संकोची, भयभीत बच्चों के लिए अलग से अभिनव प्रयोगों से युक्त उपचारात्मक कार्यक्रम भी आवश्यक है।

शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर तीज त्यौहार को स्कूल में बच्चों के साथ मनाने से बच्चों में श्रेष्ठ नैतिक गुणों का विकास होता है। उनका आचरण और व्यवहार भी श्रेष्ठ बनता है। पठन पाठन के अतिरिक्त बच्चों को तीज त्यौहार के महत्व को जानना भी अति आवश्यक है। इससे इनके बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल और सहायक शिक्षक डागेंद्र निषाद की सहभागिता से बच्चों को रथ निर्माण में उपयोगी आवश्यक सामग्री साथ ही रथ यात्रा के महत्व बताया गया। रथ यात्रा जीत और शक्ति का प्रतीक है। रथ, आत्म विश्वास और नियंत्रण के साथ बधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अम्बालिका पटेल के साथ सभी बच्चे व शिक्षक भगवान जगन्नाथ जी के पूजा पाठ कर भगवान को ग्राम में भी भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों के पालक लोग भी इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हुए बहुत प्रशंसा करते हुए शाला के शिक्षक और बच्चों के कार्य को सराहनीय कार्य बताएं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठिका अम्बालिका पटेल द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसके तहत उन्हें केला, सेवफल, खीरा दिया गया। उन्होंने बताया कि वे शाला भवन के मैदान में अपने पिताजी स्वर्गीय बेनीराम वर्मा की स्मृति में वृक्षारोपण अभियान को आगे बढ़ाते हुए शासन के आदेशानुसार अपने मां के नाम पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु बच्चों, उनके पालकों को भी अपने आस पास पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बनने के लिए प्रेरित भी किया। इस कार्य में प्रधान पाठिका को उनके संकुल समन्यक कुशल कुंजाम का बहुत प्रोत्साहन और सहयोग मिलता है। वे कहती है कि संकुल समन्वयक निरंतर उन्हें प्रेरित करते रहते है। साथ ही पटेल मैडम को शाला विकास योजना के क्रियान्वयन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत के सरपंच प्रकाश गायकवाड, ग्राम पटेल उत्तम गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता और गांव के सभी माताओं, पालकों का लगातार सहयोग मिलता रहता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में की गई 7 पुरूषों की नसबंदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


साजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ अश्वनी वर्मा के सहयोग से पुरुष नसबंदी ऑपरेशन 21 जुलाई को डॉ संजय नवल द्वारा 7 सफल आपरेशन किया गया। छोटा परिवार खुशहाल परिवार के संदेश को जिला बेमेतरा के लोग साकार कर रहे हैं। एक निश्चित पैमाने पर जनसंख्या समाज की उपलब्धि है। जिला बेमेतरा में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरूष नसबंदी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 'मोर मितान मोर संगवारी' सम्मेलन के माध्यम से पुरूष नसबंदी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार पुरूष नसबंदी को ''स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संत राम चुरेंद्र के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है।

इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही को लेकर आने एवं जागरूकता के उद्देश्य से मोर मितान मोर संगवारी चौपाल के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा लक्ष्य दंपत्ति की ग्रामवार सूची तैयार कर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने बताया कि पुरूष नसबंदी के पश्चात हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपए दिये जाते है एवं प्रेरक को 300 रूपए दिये जाते है। पुरूष नसबंदी सरल, सुरक्षित और आसान विधि है, इसलिए योग्य और इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव करें और लाभ उठायें।

## प्राथमिक शाला हाटरांका के प्रधानमंत्री चुने गए हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ लोकतंत्र की महत्ता बताने व जिम्मेदारी समझाने किया बाल कैबिनेट का गठन

थानखम्हरिया के पास स्थित ग्राम हांटरांका की प्राथमिक शाला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता एवं कर्तव्यनिष्ठता समझाने के साथ-साथ लोकतंत्र की ताकत को बताने के लिए चुनाव प्रक्रिया कर बाल केबिनेट का गठन किया गया।

प्रधानमंत्री पद के लिए दो उम्मीदवार हेमंत लोधी और शांति निषाद को विद्यालय के 64 बच्चों द्वारा मतपेटी में मतदान दिया गया। जिसमें हेमंत लोधी कुल 35 मत प्राप्त कर 06 मतों से विजयी रहे। इस बाल चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में प्रधान पाठक श्री विकास चौबे निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया। विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए विद्यार्थियों को दायित्व भी सौंपे गए। पर्यावरण मंत्री नरोत्तम निषाद, स्वच्छता मंत्री करण वर्मा, पुस्तकालय मंत्री ओमकार, शिक्षा मंत्री शांति निषाद, मध्याह्न भोजन मंत्री विष्णु वर्मा, सांस्कृतिक मंत्री सिमरन, खेल मंत्री आराधना वर्मा के साथ साथ सभी कक्षाओं के लिए कक्षा नायक का भी बनाया गया। ऐहिक शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा ,राजनैतिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा का समावेश कर छात्रों को प्राथमिक कक्षाओं से ही परिपक्व किया जाना चाहिए। इस कारण ऐसी पहल की गई, ताकि अध्यापन-अध्ययन भी रूचिकर लगे।

## साजा विधायक ईश्वर ने पाटेश्वर धाम में लगाया रूद्राक्ष का पौधा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड स्थित जामड़ी पाटेश्वर धाम आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने साहू सत्संग स्थल पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ विधायक ईश्वर साहू ने निचले मंदिर में शिव लिंग की पूजा अर्चना कर प्र देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लिए रामबालक दास जी का काम बेहतरीन रहा है। विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुई कहा कि पूरे देशवासियों से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आग्रह किया है कि एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आग्रह पर आपको जहां भी जगह मिले अपने मां के नाम से पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि अगर एक-एक पौधा सभी प्रदेशवासी लगाएं, तो देखिए कैसे परिवर्तन आता है। हमने भी आज रुद्राक्ष का पौधा लगाया है। विधायक साहू ने कहा कि आप भी अपने अपने घरों मे खेत खलिहानों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कांकेर सांसद भोजराज नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल परिसर में किया पौधारोपण, सुरक्षा की ली शपथ


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरु पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण के लिए ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी ने जिला अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया। साथ ही पर्यावरण को बचाने की शपथ ली कि हम अपने आस पास पौधे लगाकर जीवन पर्यंत उनकी देखभाल करेंगे। अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर प्रत्येक रविवार को पेड़ लगाओ जीवन बचाओ के तहत श्रम दान करेंगे, वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन के लिए वन का होना बहुत ज़रूरी है, ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए। वहीं, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि ड्रीम सनराइज की पूरी टीम बधाई के हकदार हैं वे समाज हित में हमेशा कुछ न कुछ कार्य करते रहते हैं, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चुरेंद्र ने कहा की हमे अपनें घरों में भी बागवानी कर पौधे लगाने चाहिए ।

इस दौरान जिला अस्पताल की व्यावस्था प्रमुख आरती दत्ता का आयोजन विशेष सहयोग रहा ।सीमिति के संयोजक जगजीत सिंह ,नरेन्द्र सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किए । कार्यक्रम में समिति सचिव गोबिंद साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेंद साहू, विष्णु साहू, अमित यादव, राजीव भुआल, फनी राव, कमल साहू, बंटी पटेल,साहिल रिज़वी, दारा अग्रवाल, वांकेश्वर साहू रामकुमार टंडन, अभिनव ठाकुर, सुकन्या सिंह रेणुका अग्रवाल नीलम साहू, भाग्यश्री पोल वर्षा चोबे, भावना टंडन, रंजना तंबोली वर्षा गौतम, तीजन साहू, किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, नीलिमा साहू ने महती भूमिका निभाई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ बीआरसी भवन नवागढ़ में 15 से 20 जुलाई तक किया गया आयोजन

एससीईआरटी रायपुर और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में आयोजित विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रथम चरण बीआरसी भवन नवागढ़ में उल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। 15 से 20 जुलाई तक चले 5 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ लोकनाथ बांधे, बीआरसी जगजीवन राम साहू, सेवानिवृत्त बीआरसी सोनू राम साहू उपस्थित रहे। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डीआरजी अशोक कुमार साहू, निलाभ दीक्षित, विश्वनाथ शर्मा, बलराम चौबे, और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से जोबन सर के द्वारा अंग्रेजी भाषा के सीखने के क्रम लिसनिंग, स्पीकिंग, रीडिंग, राइटिंग, थिंकिंग, लेटर एवं उनके वोवेल्स कॉन्सोनेंट लैंग्वेज, वोकैबलरी, ग्रामर एंड प्रोनाउंसियेशन, कन्वर्सेशन, ब्लेंडिंग शब्द, मिक्सिंग शब्द, कविता एवं कहानी निर्माण ,कविता एवं कहानी निर्माण में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं को जोड़ते हुए वाक्य बोलना, अधूरे कहानी को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना, दो विषयों में कंपेयरिंग डिबेट, ग्रुप एक्टिविटी, ग्रुप प्रेजेंटेशन, पर विस्तृत चर्चा कर कक्षा में कार्यो को करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। समूह बनाकर एक्टिविटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बीआरसी नवागढ़ जगजीवन राम साहू ने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत अंग्रेजी विषय में भी सभी बच्चों को दक्ष करना है। जो बच्चे अंग्रेजी विषय में झिझकते रहते हैं, उनकी झिझक को दूर कर समाधान करना है।

**शिक्षकों ने अंग्रेजी में सुनाए शोले फिल्म के डायलॉग** : नवाचारी शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में कल्चर प्रोग्राम के अंतर्गत अंग्रेजी भाषाओं का प्रयोग करते हुए ग्रुप सॉन्ग प्रेजेंटेशन, डिबेट, डायलॉग, ट्विस्ट ऑफ़ टंग, योगाभ्यास प्रस्तुति बहुत ही सराहनीय रही। ऐसा ही अवसर अन्य गतिविधियों, कार्यक्रमों को जोड़ते हुए सभी स्कूल में देने से बच्चों में अभिव्यक्ति, कौशल मौखिक विकास में वृद्धि होगी। शिक्षक डुमन लाल साहू, शुक्ला सर, एवं साथी के द्वारा कल्चर प्रोग्राम के अंतर्गत शोले मूवी का डायलॉग अंग्रेजी भाषा में अभिनय के साथ प्रस्तुत किया गया। जिसकी खूब सराहना हुई। जिससे कल्चर प्रोग्राम में प्रथम स्थान मिला । कल्चर प्रोग्राम में रामकुमार साहू के द्वारा योग के फायदे को बताते हुए मंच प्रस्तुति दिए एवं शिक्षक विवेक हरिहारनो के द्वारा मंच संचालन की भूमिका सराहनीय रहा। स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण के समापन दिवस पर सेवानिवृत्त बीआरसी सोनू राम साहू, मास्टर ट्रेनर अशोक साहू, नीलाभ दीक्षित, बलराम चौबे, विश्वनाथ शर्मा, जोबन सर एवं प्रथम बैच के कुल 100 शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

### धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** शराब पीने के लिए लोगों को डरा धमका कर रुपए का डिमांड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 296, 119 (1),351 (2), आर्म्स एक्ट बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पोलसाय पारा लक्ष्मीनारायण मंदिर दुर्ग निवासी मनोज बत्रा ने शिकायत किया है कि गंजपारा दुर्ग निवासी आकाश उर्फ चंदु मेश्राम गाली गलौज कर श्राब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहा था। जिसका विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट किया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

शिक्षकों को दिया गया स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण


## अंग्रेजी भाषा बोलना सीखेंगे प्राइमरी स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग का समापन बीआरसी भवन किया गया। जिसमें प्रशिक्षण के रिसोर्स परशन के रूप में भागवत प्रसाद बानी, अनुराग साहू, भूपेंद्र शर्मा, पुष्कर भोसले एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से ज्ञानेश्वर के माध्यम से संपन्न किया गया। 15 से 20 जुलाई तक आयोजित शिविर में प्राथमिक शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा क्षमता विकास एवं स्पोकन इंग्लिश के समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भागवत प्रसाद बानी ने फाइंडिंग योर ट्विन, ब्लेइंड क्रिएचर, फ्लुएंसी इन स्पीकिंग इंग्लिश, जॉश ओफ डेथ, प्रेजेंटिंग एडवरटाइजमेंट, कल्चरल एक्टिविटीज, शेयरिंग रेसिपीज आदि गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा सीखने का कौशल की जानकारी प्रदान की। धर्मेंद्र शर्मा ने लिंकर शब्द, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ हेल्पिंग वर्ब्स, डिफरेंट स्ट्रक्चर ऑफ़ स्पोकन इंग्लिश, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ आई टी जैसे बिंदुओं पर अपनी प्रस्तुति प्रदान की। पुष्कर भोसले ने सेल्फ इंट्रोडक्शन ट्रिक, प्रीपोजिशन, उसे ऑफ़ 'द' विद ट्रिक जैसे महत्वपूर्ण ग्रामेटिकल बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। अनुराग साहू ने गेसिंग गेम, वॅटीवर स्पीक नॉन स्टॉप, सिचुएशन कन्वर्सेशन, स्टोरी ऑफ़ माय लाइफ आदि बिंदुओं के माध्यम से अंग्रेजी प्रशिक्षण प्रदान किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से ज्ञानेश्वर ने सिंग सॉन्ग, प्रेजेंटेशन बाय ग्रुप में क्रिएटिविटी वे आदि तरीकों से अंग्रेजी भाषा सीखने के कौशल पर प्रकाश डाला गया, प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत केंद्र बिरला में संपन्न किया गया।

**अंग्रेजी का डर खत्म करना जरूरी** :कार्यक्रम के दौरान बीआरसी खोमलाल साहू ने कहा कि हम सभी शिक्षकों को भी अपने विद्यालय में अंग्रेजी के डर को खत्म करते हुए बच्चों के लिए एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण करना है। शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपनी स्कूलों में बच्चों को सिखाने की बात कही। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर, सहायक विकास का शिक्षा अधिकारी अधेश उइके, नारायण ठाकुर सहित पूरे विकासखंड के 100 शिक्षक उपस्थित थे।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)